राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

उप राष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू जैसलमेर पहुंचे
एयर स्टेशन पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने की अगवानी

जयपुर, 26 सितम्बर। उप राष्ट्रपति श्री वेंकेया नायडू जैसलमेर की दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को भारतीय वायु सेना के विमान से एयरफोर्स के जैसलमेर एयर स्टेशन पहुंचे, जहां राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुके भेंट कर उनकी अगवानी की।

एयर स्टेशन पर उप राष्ट्रपति का स्वागत एवं अगवानी करने वालों में राज्यसभा सदस्य श्री राजेन्द्र गहलोत, ऊर्जा एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला, जैसलमेर विधायक श्री रूपाराम धनदेव, नगर परिषद सभापति श्री हरिवल्लभ कल्ला, संभागीय आयुक्त डॉ. राजेश शर्मा, एडीजे श्री संजय अग्रवाल, मेजर जनरल श्री अजीतसिंह गहलोत, जिला कलक्टर श्री आशीष मोदी, जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अजयसिंह एवं प्रोटोकॉल आफिसर (जीएडी) श्री मोहम्मद तारिक खान प्रमुख हैं।

राज्यपाल की अगवानी एवं स्वागत

इससे पूर्व राज्यपाल श्री कलराज मिश्र जैसलमेर की दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को जैसलमेर के सिविल एयरपोर्ट पहुंचे। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त डॉ. राजेश शर्मा, एडीजी पुलिस श्री संजय अग्रवाल, जिला कलक्टर श्री आशीष मोदी एवं जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अजयसिंह आदि अधिकारियों ने स्वागत करते हुए उनकी अगवानी की।

उप राष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू एवं राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने ऐतिहासिक लोंगेवाला युद्ध स्थल की यात्रा की तथा तनोट राय माता के मंदिर में पूजा अर्चना की ।